NCERT SOLUTIONS

CLASS - 7th

aglasem.com

Class : 7th

Subject : हिन्दी

Chapter :15

Chapter Name : गीत

Q1. कविता से

(क) कवि फूलों, गीतों और विद्या की खेती क्यों करना चाहता है?

(ख) इसी जन्म में, इस जीवन में,

हमको तुमको मान मिलेगा।

इसमें किसे मान मिलने की बात कही गई है?

(ग) कविता की कुछ पंक्तियाँ छाँटकर लिखो जिनसे पता लगता है कि कवि को इस बात पर पूरा भरोसा है कि एक दिन सबको मान मिलेगा।

(घ) कविता में कवि बार-बार मान मिलने की बात करता है। मान मिलने से हमारे-तुम्हारे जीवन में क्या बदलाव आएगा?

Answer:
(क) कवि फूलों को प्रेम और भाईचारे का प्रतीक मानता है। वह गीतों से लोगों को जगाना चाहता है। इसलिए ही वह फूलों, गीतों और विद्या की खेती करना चाहता है।
(ख) इन पंक्तियों में कवि निर्धन एवं उपेक्षित लोगों को मान दिलाने की बात कह रहा है।
(ग) इसी जन्म में
इस जीवन में
हमको तुमको नाम मिलेगा।
(घ) निर्धन एवं उपेक्षित लोगों को मान मिलने से उनके मन की हीन भावना समाप्त हो जाएगी। उनके जीवन में परिवर्तन भी होगा। साथ ही साथ समाज से द्वेष, घृणा आदि बुराइयों का भी अंत होगा।

Page : 85, Block Name : कविता से

Q2. समझाना

aglasem.com

नीचे कविता में से कुछ पंक्तियाँ दी गई हैं। बताओ, इन पंक्तियों का क्या अर्थ हो सकता है?

(क) दीप बुझे हैं जिन आँखों के,

उन आँखों को ज्ञान मिलेगा।

(ख) क्लेश जहाँ है, फूल खिलेगा।

(ग) हमको तुमको प्रान मिलेगा।

Answer:
(क) भारत में बहुत से लोग अशिक्षित हैं जिस कारण गरीबी चारों ओर फैली हुई है। कवि कहता है कि जो भी लोग अशिक्षित हैं उन्हें शिक्षा का अधिकार मिलेगा। शिक्षा प्राप्त करके वे शिक्षित हो जाएँगे और उन्हें भी समाज में आदर-सम्मान मिलने लगेगा।

(ख) अशिक्षा के कारण कुछ स्वार्थी लोग धर्म के नाम पर उन्हें आपस में लड़वा देते हैं। शिक्षा उनकी सोच में परिवर्तन लाएगी और तब धार्मिक और जातीय झगड़े नहीं होंगे। शांति और प्रेम के फूल खिलेंगे।

(ग) हमें और तुम्हें शिक्षा के माध्यम से नया जीवन मिलेगा अर्थात् अभी तक हम और तुम गरीबी का जीवन जी रहे थे। शिक्षा प्राप्त करके हम लोगो को समाज में आदर-सम्मान मिलने लगेगा। ये सब बातें नए जीवन की तरह ही होंगी।

Page : 85, Block Name : समझाना

Q3. मान-सम्मान
(क) तुम्हें अपने आस-पास यदि लगे कि किसी को सचमुच में आज भी मान-सम्मान नहीं मिला है और उसको तुम मान-सम्मान दिलाना चाहते हो तो उनके नामों की सूची बनाओ।
(ख) अपनी सूची में से किसी एक के बारे में बताओ कि उसे मान-सम्मान कैसे मिल सकता है?
Answer -
(क) हमारे आस-पास कई ऐसे लोग है जिन्हें उचित मान-सम्मान नहीं मिला है जैसे - कचरा उठाने वाले, हमारे घरों में काम करने वाले नौकर, चौकीदार, फेरीवाले आदि |
(ख) अपने घर में काम करने वाले नौकर को हम सम्मान से भइया या दीदी कहकर बुला सकते हैं | किसी तरह की मुसीबत आने पर उनकी परेशानी सुने और मदद करने की कोशिश करें |

Page : 85, Block Name : मान-सम्मान

Q4.रिक्त स्थान पूरे करो

aglasem.com

(क) लक्की……….की तरह गरजता है।

(ख) सलमा……….की तरह दौड़ती है।

(ग) मेघाश्री की आवाज़……….की तरह मीठी है।

(घ) मनीष के कान……….की तरह तेज़ है।

Answer:
(क) लक्की शेर की तरह गरजता है।

(ख) सलमा चीते की तरह दौड़ती है।

(ग) मेघाश्री की आवाज़ कोयल की तरह मीठी है।

(घ) मनीष के कान कुत्ते की तरह तेज़ है।

Page : 86, Block Name : रिक्त स्थान पूरे करो

Q5.इन शब्दों की रचना देखो
अनुमान, अपमान
ये शब्द 'मान' शब्द में 'अनु' और 'अप' उपसर्ग लगाकर बनाए गए हैं। इसी प्रकार तुम भी 'मान' शब्द में कुछ दूसरे उपसर्ग लगाकर नए शब्द बनाओ।
Answer:
(1)उप + मान= उपमान
(2)यज + मान = यजमान
(3) वि + मान = विमान
(4) अभि + मान = अभिमान
(5) सम् + मान = सम्मान

Page : 86, Block Name : इन शब्दों की रचना देखो

aglasem.com